Class 7 Hindi lesson-

रक्त और हमारा शरीर

मौखिक वाचन ----

अति लघु प्रश्न ----

प्रश्न-1 दिव्या को कौन सी बीमारी थी?
उत्तर – दिव्या को एनीमिया था।

प्रश्न-2 मोटे तौर पर रक्त के कितने भाग होते हैं?
उत्तर – मोटे तौर पर रक्त के दो भाग होते हैं।

प्रश्न-3 रक्त के तरल भाग को क्या कहते हैं?
उत्तर - रक्त के तरल भाग को प्लाज्मा कहते हैं।

प्रश्न-4 'रक्त और हमारा शरीर' पाठ के लेखक कौन हैं?
उत्तर –'रक्त और हमारा शरीर' पाठ के लेखक " यतीश अग्रवाल "हैं।

प्रश्न-5 अनिल और दिव्या कौन थे और वे कहाँ गए थे?
उत्तर - अनिल और दिव्या भाई बहन थे और वे अस्पताल गए थे।

प्रश्न-6 डॉक्टर दीदी ने अनिल को रिपोर्ट लेने के लिए कब बुलाया?
उत्तर - डॉक्टर दीदी ने अनिल को रिपोर्ट लेने के लिए अगले दिन बुलाया।

प्रश्न-7 डॉक्टर दीदी किसके द्वारा स्लाइड की जाँच कर रही थीं?
उत्तर - डॉक्टर दीदी सूक्ष्मदर्शी द्वारा स्लाइड की जाँच कर रही थीं।

प्रश्न-8 डॉक्टर ने इलाज करने के पहले दिव्या को कौन सा जाँच कराने को कहा?

उत्तर – डॉक्टर ने इलाज करने के पहले दिव्या को रक्त जाँच कराने को कहा।

प्रश्न-9 साँस लेने पर शुद्ध वायु से जो ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे शरीर के हर हिस्से में कौन पहुँचाता है|

उत्तर- साँस लेने पर शुद्ध वायु से ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे शरीर के हर हिस्से में लाल रक्त कण पहुँचाता है।

प्रश्न-10 टाँके कब लगाए जाते हैं? क्यों?

उत्तर- जब चोट का घाव गहरा होता है तब टाँके लगाए जाते हैं, इससे खून का बहना रुक जाता है।

प्रश्न-11 सूक्ष्मदर्शी यंत्र क्या होता है?

उत्तर- सूक्ष्मदर्शी एक प्रकार का यंत्र है, जिससे छोटी से छोटी चीजें भी बड़े आकार में दिखाई देती हैं।

प्रश्न-12. ब्लू बेबी क्या होता है?

उत्तर- नवजात शिशु का अगर हृदय कमज़ोर हो तो उसे पर्याप्त रूप में ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। धीरे-धीरे उसका शरीर पीला होने लगता है क्योंकि ऑक्सीजन की कमी से ख़ून सही रूप से पूरे शरीर में रक्त संचार ठीक से नहीं हो पाता है और उसका शरीर नीला पड़ने लगता है उसे ही ब्लू बेबी कहते हैं|

प्रश्न-13. एनीमिया से बचने के लिए क्या-क्या खाना चाहिए?

उत्तर- एनीमिया से बचने के लिए हमें पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए। मसलन हरी सब्जी, फल, दूध, अंडा और माँस का प्रयोग करना चाहिए। इनमें प्रोटीन, लौह तत्त्व और विटामिन काफ़ी मात्रा में मिलते हैं। ये रक्त के निर्माण में सहायक होते हैं, जिससे एनीमिया रोग होने का खतरा टल जाता है।

प्रश्न-14. रक्त के सफ़ेद कणों को 'वीर सिपाही' क्यों कहा गया है?

उत्तर- रक्त के सफ़ेद कणों को वीर सिपाही इसलिए कहा गया है, क्योंकि ये हमारे शरीर की रक्षा करते हैं। ये रोग के कीटाणुओं को शरीर में घुसने नहीं देते उनसे डटकर मुकाबला करते हैं।